श्रीधाम स्टेशन : कायाकल्प के बाद भी लिफ्ट-एस्केलेटर नहीं

अमृत भारत योजना में भी छूटी जरूरी सुविधा, रेल यात्रियों ने जताया रोष

नवभारत/ नरसिंहपुर/ गोटेगांव। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत श्रीधाम रेलवे स्टेशन का व्यापक कायाकल्प किया गया है, लेकिन यहां एस्केलेटर और लिफ्ट जैसी अत्यावश्यक सुविधाओं का अब भी अभाव है। स्टेशन पर टिकट काउंटर से प्लेटफॉर्म क्रमांक 1, 2 और 3 तक जाने के लिए यात्रियों को फुटओवर ब्रिज की सीढ़ियां चढ़-उतर कर जाना पड़ रहा है। रेलवे को अच्छा-खासा राजस्व देने वाले इस स्टेशन पर सुविधा न होने से बुजुर्गों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और भारी सामान वाले यात्रियों को सबसे अधिक परेशानी हो रही है।

यात्रियों की मांग

स्थानीय रेल यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत योजना के तहत कराए गए निर्माण कार्य भी गुणवत्तापूर्ण नहीं हैं और निर्माण में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। साथ ही दूसरे चरण की बकाया राशि से स्टेशन पर लिफ्ट, एस्केलेटर सहित अन्य यात्री सुविधाओं के कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं। यात्रियों ने रेल प्रशासन से मांग की है कि जनहित को देखते हुए इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए।

जिले में अब तक 367 मिमी अर्थात 14.44 इंच वर्षा दर्ज

नरसिंहपुर। जिले में एक जून से 31 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 367 मिमी अर्थात 14.44 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 31 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 2.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 2 मिमी, गाडरवारा में 7 मिमी, करेली में एक मिमी और तेंदूखे ?ा में 2 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू-संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 31 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 393 मिमी, गाडरवारा में 456, गोटेगांव में 236 मिमी, करेली में 325 मिमी और तेंदूखे ?ा में 425 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 924 मिमी अर्थात 36.39 इंच वर्षा हुई थी।

जैन मंदिरों से चोरी गई 100 वर्ष पुरानी मूर्तियां एवं सिंहासन बरामद

- शातिर चोर गिरोह से चोरी किए शंख रखने का पात्र, दान पेटी एवं एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी भी बरामद

नवभारत/नरसिंहपुर। पुलिस ने संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ सफल खुलासा किया। जिले में विगत लगभग 15 दिनों के दौरान तीन प्रमुख धार्मिक स्थलों जैन मंदिर सगौरिया (थाना करेली), माता मंदिर लिलवानी (थाना पलोहा) तथा खेरापति मंदिर तेन्दूखेड़ा में चोरी एवं चोरी के प्रयास की घटनाएं घटित हुई थीं। धार्मिक स्थलों को निशाना बनाए जाने की इन घटनाओं को पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया तथा आरोपियों की पतासाजी एवं चोरी गए माल की बरामदगी हेतु विशेष पुलिस टीमें गठित कर लगातार एवं सतत कार्रवाई की जा रही थी।

तकनीकी जानकारियों का गहन विश्लेषण किया

तकनीकी जांच, वैज्ञानिक साक्ष्यों एवं सूक्ष्म विवेचना के आधार पर पुलिस टीम ने आरोपियों पहचान कर प्रकरण का सफल खुलासा किया धार्मिक आस्था से जुड़े इस संवेदनशील प्रकरण एवं पुरानी चोरी की घटनाओं के पेटर्न को देखते हुए पुलिस द्वारा प्रारंभ से ही सभी पहलुओं पर गंभीरता एवं सूक्ष्मता से जांच की गई। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए तथा घटनास्थल पर उपलब्ध परिस्थितिजन्य साक्ष्यों एवं अन्य तकनीकी जानकारियों का गहन विश्लेषण किया गया।

एक नजर में

प्रस्फुटन शक्ति संचयन कार्यक्रम अंतर्गत बैठक एवं प्रशिक्षण

नरसिंहपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचयन कार्यक्रम के तहत विकासखंड स्तरीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण न्यू डाइट भवन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न समितियों के प्रतिनिधि, सीएमसीएलडीपी परामर्शदाता एवं सोशल इंटर्न्स शामिल हुए। बैठक में सीएमसीएलडीपी की जानकारी, जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा तथा स्वैच्छिकता पर्व की गतिविधियों पर चर्चा की गई। द्वितीय एवं तृतीय सत्र में एमपीजेएपी पोर्टल पर कार्य, ऑनलाइन प्रतिवेदन, अभिलेख संधारण एवं बजट उपयोग संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों को सम्मानित किया गया तथा सभी को समयबद्ध कार्यान्वयन के निर्देश दिए गए।

दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता पर सख्ती : 16 नमूने जांच हेतु भेजे

नरसिंहपुर। कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशों के परिपालन में जिले में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कविता राठौर एवं सारिका दुबे द्वारा करेली, गोटेगांव एवं नरसिंहपुर क्षेत्र में सघन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्यामा दूध डेयरी, चंदन डेयरी एवं गोकुल दुग्ध संकलन केंद्र से दूध, दही, पनीर, घी एवं खोवा के कुल 16 नमूने संग्रहीत कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए, ताकि उनकी गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच सुनिश्चित की जा सके। मौके पर अधिकारियों ने डेयरी संचालकों को स्वच्छता मानकों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत ने मूंग खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

नरसिंहपुर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने करेली स्थित राधा कृष्ण वेयर हाउस में संचालित मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने खरीदी कार्य की प्रगति, किसानों की सुविधाओं, उपज के भंडारण तथा तौल व्यवस्था का जायजा लिया। सीईओ ने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र संचालक को निर्देश दिए कि मूंग उपार्जन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संपादित की जाए। किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पर्याप्त इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने तौल कार्य समय पर पूर्ण करने, गुणवत्ता मानकों का पालन करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से खरीदी की दैनिक प्रगति की जानकारी लेते हुए।

रक्तदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन आभा आईडी

नरसिंहपुर। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. राजकुमार चौधरी ने निर्देश दिए हैं कि सभी रक्तदाताओं का शत-प्रतिशत पंजीयन बायोमेट्रिक आधारित डिजिटल पहचान प्रणाली के माध्यम से आभा आईडी से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि रक्तदान से संबंधित समस्त अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जाना आवश्यक है, जिससे रक्तदाताओं की सटीक पहचान, समय-समय पर फॉलो-अप तथा स्वास्थ्य सेवाओं के साथ उनका बेहतर समन्वय संभव हो सके। इससे पूरी प्रक्रिया अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनेगी। इस व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ लागू करते हुए सभी रक्तदाताओं को आभा आईडी से जोड़ा जाए, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल एकीकरण को बढ़ावा मिल सके।

संगीतमय सुंदरकांड पाठ श्रृंखला का शुभारंभ

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। पावन श्रावण मास का धार्मिक आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व भी है और हर घर श्री राम चरित मानस गान हो आध्यात्मिक दृष्टि हमारी पुरातन संस्कृति को संजोते हुए श्री राम रसिया भक्त मंडल पूरे मास भर संगीतमय सुंदरकांड पाठ श्रंखला पिछले कई सालों से चलाता आ रहा है। नगर वासियों के सहयोग से श्री हनुमान मंदिर दादा दरबार से पूजन अर्चन के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ के माध्यम शुरुआत हो गई है। जिसमें नगर के सभी श्रद्धालुओं से प्रतिदिवस पधारने की अपील मंडल के सदस्यों द्वारा की गई है।

ऑटो चालकों के लिए स्वास्थ्य शिविर

नवभारत/नरसिंहपुर। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला एड्स नियंत्रण समिति नरसिंहपुर श्रीमती रजनी सिंह के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा एवं जिला नोडल अधिकारी (जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम) डॉ. देवेंद्र रिपुदमन सिंह के निर्देशन में मिशन एड्स संपूर्ण सुरक्षा के अंतर्गत गाडरवारा रेलवे स्टेशन परिसर में ऑटो चालक संघ के लिए संपूर्ण स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ऑटो चालकों एवं अन्य हितग्राहियों की एचआईवी, वीडीआरएल (सिफलिस), हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, टीबी, रक्तचाप (बीपी) एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान की गईं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारण, बचाव एवं उपचार के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह संक्रमण मुख्यत: असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित सुई एवं सिरिंज के उपयोग, संक्रमित रक्त अथवा रक्त उत्पाद चढ़ाने तथा एचआईवी संक्रमत गर्भवती महिला से उसके शिशु में फैल सकता है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच, सुरक्षित व्यवहार, नियमित उपचार एवं जागरूकता से एचआईवी तथा संक्रमित व्यक्ति भी सामान्य जीवन व्यतीत कर सकता है। शिविर के दौरान मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत गाडरवारा पुलिस के सहयोग से उपस्थित ऑटो चालकों एवं नागरिकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी। नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए समाज में भेदभाव रहित एवं संवेदनशील व्यवहार अपनाने की अपील की गई। जिला नोडल अधिकारी (जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम) डॉ. देवेंद्र रिपुदमन सिंह ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि मिशन एड्स संपूर्ण सुरक्षा का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक एचआईवी जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधाएं पहुंचाना है। यदि किसी व्यक्ति को एचआईवी संक्रमण की आशंका हो या वह जोखिमपूर्ण व्यवहार की श्रेणी में आता हो, तो बिना किसी संकोच के अपने निकटतम आईसीटीसी (एकीकृत परामर्श एवं जांच केंद्र) में नि:शुल्क एवं पूर्णत: गोपनीय एचआईवी जांच अवश्य कराएं।

समारोह पूर्वक दी गई विदाई

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विगत दिवस शासकीय पं उमाशंकर शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी राजमार्ग में माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ शिक्षक भरत पटेल की शासकीय सेवावधि पूर्ण हो जाने पर उन्हें विद्यालय परिवार द्वारा समारोह पूर्वक विदाई दी गई। नवीन विद्या भवन बरमान से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत वर्ष जुलाई 1998 में प्राथमिक शाला लोलरी देवरी में 2010 तक सेवायें देने के पश्चात शासकीय माध्यमिक विद्यालय देवरी में जुलाई 2026 में सेवायें पूर्ण हो जाने पर समारोह पूर्वक विदाई दी गई। विद्यालय परिवार के द्वारा शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उज्जवल भविष्य की कामनाएं की गई।

शाला विकास समिति की बैठक, शिक्षकों की कमी पर हुई चर्चा

नवभारत/गोटेगांव। विगत दिवस इंदिरा गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में शाला विकास समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों की कमी, छात्राओं की पढ़ाई, स्कूल में मूलभूत सुविधाओं और आगामी गतिविधियों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्राचार्य रितु जैन ने पालकों और समिति सदस्यों से स्कूल के विकास में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए विभाग को पत्र लिखा जाएगा। साथ ही शाला परिसर में जल भराव की समस्या के साथ ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सभी के सुझाव लिए गए। इस बैठक में मुख्य रूप से नगर पालिका सीएमओ सत्येंद्र सालवार सांसद प्रतिनिधि पंकज चौकसे पार्षद सतीश अग्रवाल मनीष जैन सुनील भनारे सहित अन्य शाला विकास समिति के सदस्य, शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

अक्षर साथी के अलावा अब विद्यार्थी भी बनेंगे साक्षरता दूत

- सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, सर्वे, मॉनिटरिंग एवं कार्ययोजना पर दिया गया विशेष प्रशिक्षण

नवभारत/नरसिंहपुर। जिले में निरक्षरता उन्मूलन अभियान को प्रभावी गति देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) नरसिंहपुर में उल्लासङ्कनव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। भारत सरकार एवं राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निर्देशानुसार आयोजित इस प्रशिक्षण में विकासखंड नरसिंहपुर के 10 जनशिक्षा केंद्रों से जुड़े सामाजिक चेतना केंद्रों के प्राचार्य, जनशिक्षक, संकुल सह-समन्वयक एवं नोडल अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप द्विवेदी, डाइट प्राचार्य राजीव किशोर श्रीवास्तव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी ब्रजेश शर्मा, विकासखंड स्रोत समन्वयक ओपी राय, जिला सह-समन्वयक (साक्षरता) तथा एपीसी मनीष चौकसे उपस्थित रहे। जिला परियोजना समन्वयक द्विवेदी ने कहा कि उल्लास कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को पढ़ने, लिखने और गणना करने में सक्षम बनाकर आत्मनिर्भर एवं सशक्त समाज का निर्माण करना है। वहीं डाइट प्राचार्य श्री श्रीवास्तव ने असाक्षर शिक्षार्थियों के अधिगम स्तर के विश्लेषण, दक्षता आधारित शिक्षण, गतिविधि एवं खेल आधारित अधिगम, समूह कार्य तथा स्थानीय संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री शर्मा ने कहा कि प्रत्येक असाक्षर शिक्षार्थी को निर्धारित दक्षताओं तक पहुँचाना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं निपुण भारत मिशन की मूल भावना है। इसके लिए सभी अधिकारियों एवं शिक्षकों को समर्पित भाव से कार्य करना होगा। दो पालियों में आयोजित प्रशिक्षण में विकासखंड सह-समन्वयक (साक्षरता) विजय नामदेव एवं रामकुमार पटेल ने प्रतिभागियों को ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सर्वे, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन, कार्यक्रम की अवधारणा, उद्देश्य, कार्ययोजना, मॉनिटरिंग तथा प्रत्येक निरक्षर वयस्क तक शिक्षा पहुँचाने की रणनीतियों की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान नियमित उपस्थिति, सतत मूल्यांकन, कमजोर शिक्षार्थियों की पहचान, उपचारात्मक शिक्षण, कक्षा-वार लक्ष्य निर्धारण, मासिक प्रगति समीक्षा, अभिभावकों की सहभागिता तथा सीखने के अनुकूल वातावरण विकसित करने पर विशेष बल दिया गया।

1 से 7 अगस्त तक चलेगा विशेष व्हीईआर सर्वे

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विकासखंड चांवरपाठा में कक्षा 1 से 8 तक के सभी पात्र बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विशेष व्ही ई आर सर्वे अभियान चलाया जाएगा। इस संबंध में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक कार्यालय द्वारा समस्त जनशिक्षकों एवं शासकीय प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों को निर्देश जारी किए गए हैं।जारी निर्देशों के अनुसार विकासखंड में कक्षा 1 से 8 के लिए निर्धारित 10749 विद्यार्थियों के लक्ष्य के विरुद्ध अब तक 9940 विद्यार्थियों की एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर मैपिंग हुई है। जो लक्ष्य से 809 कम है। इस प्रकार नामांकन की प्रगति 92 प्रतिशत रही है। वहीं कक्षा 9 से 12 के लिए निर्धारित 5585 विद्यार्थियों के लक्ष्य के विरुद्ध 5837 विद्यार्थियों की मैपिंग की जा चुकी है, जो लक्ष्य से 252 अधिक तथा 105 प्रतिशत है। कक्षा 1 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 के नामांकन में लगभग 13 प्रतिशत के अंतर को वरिष्ठ अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। हाल ही में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंस समीक्षा बैठक में जिला परियोजना समन्वयक ने कक्षा 1 से 8 के नामांकन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए।

सेवानिवृत्त हुए कोमल पुरी गोस्वामी व कैलाश बाजपेई

- दोनों कर्मचारियों के दीर्घकालीन सेवाकाल और विभाग को दिए गए योगदान को सराहा गया

नवभारत/गोटेगांव। मध्य प्रदेश पूर्वी क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गोटेगांव शहर कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ लाइन कर्मचारी कोमल पुरी गोस्वामी एवं ग्रामीण कार्यालय के कैलाश बाजपेई का सेवानिवृत्ति समारोह संपन्न हुआ। विद्युत वितरण केंद्र में आयोजित समारोह में विभाग के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों कर्मचारियों के दीर्घकालीन सेवाकाल और विभाग को दिए गए योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त विद्युत कर्मचारियों ने गोस्वामी एवं बाजपेई के सुखद, स्वस्थ एवं मंगलमय सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्रावण मास पर भजन कीर्तन

नवभारत/ तेंदूखेड़ा। विगत दिवस गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्रावण मास की पावन बेला पर अग्रवाल मार्केट हाल में अखिल भारतीय महिला महासभा के द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें महासभा की सभी बहनों ने मिलकर इस कार्यक्रम को उत्साह पूर्वक सफल बनाया जिसमें जिला संगठन प्रभारी मंत्री सुजाता अग्रवाल एवं नगर अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल एवं समिति के सभी पदाधिकारी और अग्रवाल समाज की सभी बहनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जनसंवाद | हर शुक्रवार को होगा जनसंवाद, शिकायतों का निपटारा

फील्ड में उतर नागरिकों से सीधा संवाद करेंगे अफसर

जबलपुर। फील्ड में उतरकर अधिकारी अब सीधा संवाद करेंगे। दरअसल आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लोक सेवाओं की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में 7 अगस्त से 8 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान संचालित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप चलाये जाने करीब छह माह के इस अभियान में जिले में पदस्थ सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी प्रत्येक शुक्रवार को अलग-अलग क्षेत्र का भ्रमण करेंगे और नागरिकों से सीधा संवाद करेंगे तथा शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का अवलोकन करेंगे। शासन और जनता के बीच विश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित किये जा रहे मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने गुरूवार की सुबह वर्चुअल बैठक लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने अभियान के तहत क्षेत्र भ्रमण के तय कार्यक्रम की जानकारी जन प्रतिनिधियों को देने , इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश अधिकारियों को दिये, ताकि ज्यादा से ज्यादा नागरिक इस अभियान से जुड़ सकें।

पनागर से होगी शुरुआत

जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में सात अगस्त से चलाये जाने वाले मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत प्रत्येक शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण का कार्यक्रम तय कर लिया गया है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये क्लस्टर वार मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान दलों का गठन भी किया गया है। जन विश्वास अभियान दल तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह अपने क्लस्टर का सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक भ्रमण कर योजनाओं, कार्यक्रमों और निर्माण कार्यों की मैदानी स्थिति की जानकारी लेंगे एवं दोपहर 3 बजे से नागरिकों से संवाद के कार्यक्रम होंगे। अभियान के तहत जिले में क्षेत्र भ्रमण की शुरुआत में शुक्रवार 7 अगस्त को पनागर विधानसभा से की जायेगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गोटेगांव, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

क्रमांक 949/प्रवा.1/अ.वि.अ./2026 गोटेगांव, दिनांक 30/07/2026

सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में रा.प्र.क्र.-0013/अपील/वर्ष 2026-27 पक्षकार श्री शक्ति ट्रस्ट, शक्ति हाउस, परासिया रोड तहसील व जिला छिंदवाड़ा बनाम पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह पिता युवराज जींबेन्द्र बहादुर सिंह (मृत) का प्रकरण विचाराधीन हैं। जिसमें उत्तरवादी पुष्पेन्द्र बहादुर सिंह के फौत हो जाने से वारसान श्रीमति रंजना सिंह पति स्व. पुष्पेन्द्र बहादुर, योगेश्वरी सिंह, श्रीमति सिद्धेश्वरी सभी निवासी राजमहल शक्ति तहसील व थाना शक्ति जिला जांजगीर चापा, छत्तीसगढ़ की उपस्थिति हेतु नियत हैं। अत; उपरोक्त प्रकरण में उत्तरवादी श्रीमति रंजना सिंह पति स्व. पुष्पेन्द्र बहादुर, योगेश्वरी सिंह, श्रीमति सिद्धेश्वरी सभी निवासी राजमहल शक्ति तहसील व थाना शक्ति जिला जांजगीर चापा, छत्तीसगढ़ को न्यायालय में उपस्थित होने हेतु दिनांक 07/08/2026 नियत की गई हैं।

पेशी दिनांक- 07/08/2026

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
गोटेगांव
जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)